फटाफट खबरें

मेट्रो स्टेशन पर बनेंगे स्मार्ट कार्ड

प्रस, नोएडा : एनएसईजेड मेट्रो स्टेशन पर एनएमआरसी स्मार्ट कार्ड बनाने के लिए 24 मई को कैंप लगाएगी। एनएसईजेड इलाके में रहने वाले और नौकरी करने वाले लोग इसका फायदा ले सकेंगे। यह कैंप सुबह 10 से शाम 5 बजे तक लगाया जाएगा। एनएमआरसी एक्वा लाइन में यात्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए कोशिशें कर रही है। हाल ही में एनएसईजेड एरिया में स्थित कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ एनएमआरसी की बैठक हुई। इसमें सुझाव आया कि यहां कार्यरत तमाम लोग जिनके पास स्मार्ट कार्ड नहीं है, उनके लिए कैंप लगाया जाए ताकि वे आसानी से कार्ड बनवा सकें।